दिन– गुरुवार

दिनांक– 23 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन।

02. पहले चरण के चुनाव को लेकर प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेता आज कई चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

03. राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी में बिहार पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रदेश के चार वांछित अपराधी मारे गये।

04. और, प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन है। इस चरण में बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में ग्यारह नवंबर को मतदान होगा। कैमूर जिले के मोहनिया आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन कल रद्द कर दिया गया। उनका अनुसूचित जाति प्रमाण–पत्र अमान्य पाया गया। पश्चिमी चंपारण जिले की वालमिकी नगर विधानसभा सीट के लिए जनसुराज पार्टी के दृगनारायण प्रसाद का नामांकन पत्र भी, पर्चा भरने से पहले सरकारी नौकरी से त्यागपत्र न देने के कारण, अमान्य पाया गया और रद्द कर दिया गया। इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान होना है। दूसरे चरण में सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों में मतदान होगा। रोहतास और कैमूर सहित शाहबाद क्षेत्र के कई जिलों में भी वोट डाले जाएंगे। औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद और अरवल सहित मगध क्षेत्र में तथा सीमांचल क्षेत्र के अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार तथा भागलपुर, बांका, जमुई और सुपौल जिलों में भी इसी चरण में वोट डाले जाएंगे।

---

मोहनिया सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से राजद की आधिकारिक उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन रद्द होने के बाद पार्टी ने निर्दलीय प्रत्याशी रविशंकर पासवान को अपना समर्थन दे दिया है। रविशंकर पासवान पूर्व सांसद छेदी पासवान के पुत्र हैं। इधर, तिरहुत स्नातक क्षेत्र से तीन बार विधान पार्षद रहे राम कुमार सिंह ने अपने दोनों पुत्रों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर प्रचार में तेजी आ गई है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के नेताओं के साथ कई चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---रिपोर्ट---

आज एनडीए के कई नेता गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज औरंगाबाद के गोह और वैशाली जिले के पातेपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और राज भूषण चौधरी भोजपुर जिले के शाहपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के चुनाव प्रभारी उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी आज पटना पहुंच रहे हैं। वे अगले तीन दिनों तक बिहार प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री शाह भाजपा के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। श्री शाह कल सीवान और बक्सर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बेगूसराय और समस्तीपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

---

राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की ओर से चुनाव प्रचार की संयुक्त रणनीति और कार्यक्रम की आज घोषणा किए जाने की संभावना है। कांग्रेस पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्ण अल्लावारु ने कहा है कि पूरा महागठबंधन एकजुट है और एक साथ चुनाव प्रचार किया जाएगा। इससे पहले कल पटना में कांग्रेस के वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक अशोक गहलोत और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक है। एक बड़े गठबंधन के अंदर कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट की स्थिति बनती है, तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

---बाइट---

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर की गई टिप्पणी पर एनडीए के नेताओं ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस तरह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार काम करते हैं, घोषणाएं नहीं करते।

---बाईट---

लोजपा, रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि दिन–रात प्रचार कार्य में लगे रहने के बावजूद मुख्यमंत्री के सेहत को लेकर सवाल उठाना हास्यास्पद है।

–––बाईट–––

---

चैनपुर से राजद प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजकिशोर बिंद सहित दो लोगों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। अंचलाधिकारी अनिल प्रसाद सिंह ने बताया कि नामांकन के बाद आयोजित रैली में श्री बिंद ने निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों की अवहेलना करते हुये अधिक संख्या में वाहनों को शामिल किया था।

---

प्रदेश के अलग–अलग क्षत्रों में विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार करोड़ चार लाख रूपये की कुल जब्ती की है। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इस दौरान चौदह लाख रूपये नकद, तिरासी लाख रूपये मूल्य की शराब और दो करोड़ अड़सठ लाख रूपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं।

---

अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें....

अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत ख़ाब्दाह, डुमरिया मध्य विद्यालय में पदस्थापित विशिष्ट शिक्षक ओमप्रकाश यादव को एक राजनीतिक दल विशेष के लिए अपने फेसबुक अकाउंट से प्रचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

पश्चिम चंपारण के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने चुनाव के दौरान विधी व्यवस्था बनाये रखने के लिए आठ अपराधकर्मी को जिला बदर कर दिया है। वहीं, सोलह अपराधकर्मी को थाना बदर किया गया है।

---

दरभंगा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विधी व्यवस्था संधारण के लिए तैनात आठ महिला पुलिसकर्मी को कर्तव्य स्थल से गायब पाये जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

---

औरंगाबाद जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रेक्षक, सभी विधानसभा क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक  के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

---

वैशाली की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अगुवाई में महनार विधानसभा मे उपयोग किये जाने वाले अतिरिक्त ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया।

---

दिल्ली पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने आज तड़के रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर एक मुठभेड़ में बिहार के चार वांछित अपराधियों को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान घायल गैंगस्टर रंजन पाठक, बिमलेश महतो, मनीष पाठक और अमन ठाकुर को रोहिणी के डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल लाया गया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ये चारों गंभीर अपराधों में आरोपी थे।

---

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यह पर्व भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर कायस्थ समुदाय के लोग विधि–विधान से चित्रगुप्त भगवान की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। इस मौके पर पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

इधर, प्रदेशभर में छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष पटना नगर निगम क्षेत्र में एक सौ तिरेपन घाटों और तालाबों पर छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रशासन के स्तर पर छठ घाटों की तैयारियों को लेकर तेजी से काम चल रहा है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने छठ पूजा को लेकर सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों सहित अन्य अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों के अवकाश रद्द कर दिये हैं। विभाग के विशेष सचिव हिमांशु शर्मा के अनुसार अट्ठाईस अक्टूबर तक सामान्य परिस्थिति में कोई भी अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

---

रेलवे छठ पर्व के अवसर यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनज अगले पाँच दिनों में एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। ये रेलगाड़ियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जाएँगी।

---

बेगूसराय जिले के बरौनी–कटिहार रेलखंड पर रहुआ गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी लोग रघुनाथपुर गांव से मेला देखकर लौट रहे थे। वहीं, जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के शिवचन्दपुर ढ़ाला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस पर एक पिकअप और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में तीन मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हैं। इधर, अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के तारण पुल के पास बकरा नदी के स्नान के दौरान डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– इंडिया में अब एकजुटता का राग। तेजस्वी–गहलोत मुलाकात के बाद राजद और कांग्रेस नरम।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– राजद की तेजस्वी घोषणाएं जीविका दीदियों के कर्ज पर ब्याज मांफ होगा, दो साल तक ब्याज मुक्त लोन।

दैनिक जागरण लिखता है– अल्लावरू का घमासान, नेता बोले– दिल्ली वापस बुलाये जाए।

प्रभात खबर ने दीपावली पर विशेष पटाखे से जुड़ी खबर को लीड बनाते हुये लिखा है– कार्बाइड गन ने मचायी तबाही, एक सौ दस से अधिक बच्चों की आंखें हुई खराब।

आज अखबार लिखता है– बीपीएससी ने दो हजार पच्चीस–छब्बीस का परीक्षा कैलेंडर जारी किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन।

02. पहले चरण के चुनाव को लेकर प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेता आज कई चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

03. राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी में बिहार पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रदेश के चार वांछित अपराधी मारे गये।

04. और, प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।